# PAPER-III
# SOCIAL WORK

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ___________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ___________________________

OMR Sheet No. : ..........................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 1 0 1 6**

Time : **2 ½** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **32**

Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen provided by C.B.S.E.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण** : ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल C.B.S.E. द्वारा प्रदान किये गये काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

# SOCIAL WORK
## Paper – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The right to choose the place of meeting in social case work is preferably vested with the

(1) Agency

(2) Client

(3) Social Worker

(4) Person accompanying the client

**2.** What is the number of proposed targets for Sustainable Development Goals (SDGS) adopted by UN General Assembly on 25 September, 2015 ?

(1) 170 (2) 165

(3) 169 (4) 155

**3.** In the year 1915, the controversial speech titled, 'Is social work a profession' at the National Conference on charities and corrections was delivered by :

(1) Mary Richmond (2) Gisela Konopka

(3) Abraham Flexner (4) Herbert Bisno

**4.** "Make in India" campaign is primarily intended to

(i) Attract global investment

(ii) Provide job opportunities

(iii) Boost economy

(iv) Organize innovative programmes

**Codes :**

(1) (ii) and (iv) only (2) (i), (iii) and (iv) only

(3) (iii) and (iv) only (4) (i), (ii) and (iii) only

**5.** Feeling of extreme sadness and loneliness is symptom of

(1) Phobia (2) Hysteria

(3) Manic depression (4) Paranoia

## समाज कार्य

### प्रश्नपत्र – III

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक है । **सभी** प्रश्न अनिवार्य है ।

**1.** सामाजिक वैयक्तिक सेवाकार्य में बैठक के स्थान के चयन का अधिकार अधिमानत: ________ में निहित है ।

(1) एजेंसी (2) सेवार्थी

(3) सामाजिक कार्यकर्ता (4) सेवार्थी के साथ का व्यक्ति

**2.** 25 सितम्बर, 2015 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंगीकार किये गये प्रस्तावित: सतत विकास लक्ष्य (एस डी जी एस) के लक्ष्यों (Targets) की संख्या क्या है ?

(1) 170 (2) 165

(3) 169 (4) 155

**3.** वर्ष 1915 में दान तथा सुधार के संबंध में राष्ट्रीय सम्मेलन में, 'क्या समाज कार्य एक व्यवसाय है' नामक विवादास्पद भाषण _______ के द्वारा दिया गया था ।

(1) मेरी रिचमांड (2) गिसेला कोनोप्का

(3) अब्राहम फ्लेक्सनर (4) हर्बर्ट बिश्नो

**4.** 'मेक इन इंडिया' का मुख्यत: लक्ष्य है

(i) वैश्विक निवेश को आकर्षित करना ।

(ii) कार्य के अवसर प्रदान करना ।

(iii) अर्थव्यवस्था को उन्नत बनाना ।

(iv) नवीन कार्यक्रम आयोजित करना ।

**कूट** :

(1) केवल (ii) और (iv) (2) केवल (i), (iii) और (iv)

(3) केवल (iii) और (iv) (4) केवल (i), (ii) और (iii)

**5.** अत्यन्त दुखीपन एवं एकाकीपन की भावना लक्षण है :

(1) दुर्भीति (2) हिस्टीरिया

(3) अवसाद (4) व्यामोह

6. Abnormal psychology is presently called

(a) Psycho pathology

(b) Study of abnormal behaviour

(c) Science of mental disorders

(d) Science of neurotic disorders

**Codes :**

(1) (a) only (2) (a) and (b) only

(3) (a), (b) and (c) only (4) (a), (b), (c) and (d)

7. Which one of the following skills of social group work was not given by H.B. Trecker ?

(1) Skill in using reality of the present

(2) Skill in establishing purposeful relationship

(3) Skill in analysing group situation

(4) Skill in participation with the group

8. Institutional Redistribution Model of social policy is associated with

(1) Welfare state (2) Capital state

(3) Communist state (4) Police state

9. Which act requires employers in industrial establishments to define the conditions of employment ?

(1) The Factories Act, 1948

(2) The Industrial Dispute Act, 1947

(3) The Industrial Employment (Standing orders) Act, 1946

(4) The Trade Union Act, 1926

10. As per global definition of 2014, social work is not concerned with the promotion of which one of the following ?

(1) Social change (2) Social cohesion

(3) Social choices (4) Liberation of people

11. Which of the following is not a system in system approach ?

(1) Change agent system (2) Client system

(3) Target system (4) Personality system

**6.** वर्तमान में असामान्य मनोविज्ञान कहलाता है :

(a) मनोविकृति विज्ञान
(b) असामान्य व्यवहार का अध्ययन
(c) मनोविकार विज्ञान
(d) तंत्रिकातापी विकृति विज्ञान

**कूट** :

(1) केवल (a)
(2) केवल (a) और (b)
(3) केवल (a), (b) और (c)
(4) (a), (b), (c) और (d)

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सी सामाजिक समूह कार्य की निपुणता को एच.बी ट्रेकर द्वारा नहीं दिया गया ?

(1) वर्तमान की वास्तविकता का प्रयोग करने में निपुणता ।
(2) उद्देश्यपूर्ण संबंध स्थापित करने में निपुणता ।
(3) समूह स्थिति का विश्लेषण करने में निपुणता ।
(4) समूह के साथ भागीदारी में निपुणता ।

**8.** सामाजिक नीति का संस्थागत पुनर्वितरण प्रारूप _______ से संबंधित है ।

(1) कल्याणकारी राज्य
(2) पूँजीवादी राज्य
(3) कम्यूनिस्ट राज्य
(4) पुलिस राज्य

**9.** किस अधिनियम में औद्योगिक प्रतिष्ठानों में नियोक्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे नियोजन की शर्तों को पारिभाषित करें ?

(1) कारखाना अधिनियम, 1948
(2) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947
(3) औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946
(4) श्रमिक संघ अधिनियम, 1926

**10.** वर्ष 2014 की वैश्विक परिभाषा के अनुसार समाज कार्य निम्नलिखित में से किसको बढ़ावा नहीं दिये जाने से संबंधित है ?

(1) सामाजिक परिवर्तन
(2) सामाजिक संसक्ति
(3) सामाजिक विकल्प
(4) लोगों की मुक्ति

**11.** निम्नलिखित में से कौन व्यवस्था उपागम में कोई व्यवस्था नहीं है ?

(1) परिवर्तन अभिकर्ता व्यवस्था
(2) सेवार्थी व्यवस्था
(3) लक्ष्य (टारगेट) व्यवस्था
(4) व्यक्तित्व व्यवस्था

12. Drug abuse denotes

(1) Frequent use of drug
(2) Use of illicit drug
(3) Physical dependence on drug
(4) Psychological dependence on drug

13. Which among the following is not a feature of Random Sampling ?

(1) It makes the sample representative of the population.
(2) It ensures generalization of results.
(3) It reduces error and increases precision of the experiment.
(4) It maximizes experiment variances.

14. The confirmatory test used to diagnose HIV is

(1) ELISA
(2) Western Blot
(3) ESR test
(4) PCR test

15. Juvenile Justice Board deals with the issues of

(1) Children in need of care and protection
(2) Children in conflict with law
(3) Missing children
(4) Special children

16. A short term or temporary care for a few hours or weeks designed for the sick or disabled to provide relief to the regular care giver is called

(1) Institutional care
(2) Respite care
(3) Advance care
(4) Revival care

17. Terms of Reference (TOR) includes

(i) Time dimension
(ii) Expected Results
(iii) Corrections
(iv) Limitations

**Codes :**

(1) (ii) only
(2) (ii) and (iii) only
(3) (i) and (iv) only
(4) (i), (ii) and (iv) only

**12.** मादक पदार्थों के दुरुपयोग का अभिप्राय है :

(1) मादक पदार्थ का बार-बार उपयोग
(2) अवैध मादक पदार्थ का उपयोग
(3) मादक पदार्थ पर शारीरिक निर्भरता
(4) मादक पदार्थ पर मनोवैज्ञानिक निर्भरता

**13.** निम्नलिखित में से कौन यादृच्छिक प्रतिदर्श की विशेषता नहीं है ?

(1) यह किसी जनसंख्या का प्रतिदर्श निरूपण है ।
(2) यह परिणामों का सामान्यीकरण सुनिश्चित करता है ।
(3) यह प्रयोग की त्रुटि को कम करता है तथा शुद्धता को बढ़ाता है ।
(4) यह प्रयोग अन्तर (वेरीयन्स) को अधिकतम करता है ।

**14.** एच आई वी के निदान हेतु प्रयुक्त पुष्टिकारी परीक्षण है

(1) एलिसा (ELISA)
(2) वेस्टर्न ब्लाट
(3) ई एस आर परीक्षण
(4) पी सी आर परीक्षण

**15.** किशोर न्याय बोर्ड ________ के मामलों से संबंधित है ।

(1) देखभाल तथा सुरक्षा के जरूरतमंद बच्चे
(2) कानून के विरुद्ध बच्चे
(3) गायब बच्चे
(4) विशेष बच्चे

**16.** नियमित देखभालकर्ता को राहत प्रदान करने हेतु बीमार अथवा विकलांग के लिए कुछ घंटे अथवा सप्ताह हेतु निर्मित अल्पकालीन अथवा अस्थायी देखभाल को _______ कहा जाता है ।

(1) संस्थागत देखभाल
(2) विराम देखभाल
(3) अग्रिम देखभाल
(4) पुनर्जीवन देखभाल

**17.** विचारणीय मुद्दों में शामिल हैं :

(i) काल आयाम
(ii) प्रत्याशित परिणाम
(iii) सुधार
(iv) सीमाएं

**कूट** :

(1) केवल (ii)
(2) केवल (ii) और (iii)
(3) केवल (i) और (iv)
(4) केवल (i), (ii) और (iv)

**18.** Who among the following is associated with the concept of 'Social Fact' ?

(1) Emile Durkheim (2) Karl Marx
(3) M. Mauss (4) Max Weber

**19.** Herbert Spencer's model of society was essentially

(1) Consensus (2) Organic
(3) Functionalist (4) Conflict

**20.** The use of Random tables for drawing a sample is also called as

(1) Simple random sampling (2) Quota sampling
(3) Lottery method (4) Tippet's method

**21.** 'CARINGS' is a term associated with

(1) Surrogacy
(2) Adoption
(3) Children's Parliament/Bal Panchayat
(4) Interest groups

**22.** Sum of squares of deviation taken from Mean is always __________.

(1) Maximum (2) Least
(3) Greater than Median (4) Zero

**23.** Which of the following is not a HR function ?

(1) Ensuring barrier free access (2) Promoting work culture
(3) Financial audit (4) Training and development

**24.** Locality Development Model of community development was propounded by whom ?

(1) Saul David Alinsky (2) Gordon Hamilton
(3) Jack Rothman (4) M.G. Ross

**25.** Which among the following is/are characteristics of a good social planning process ?

(i) Participatory
(ii) Democratic
(iii) Inclusive
(iv) Centralised

**Codes :**

(1) (i), (ii) only (2) (i), (ii), (iii) only
(3) (i), (ii), (iv) only (4) (i), (ii), (iii), (iv)

**18.** निम्नलिखित में से कौन 'सामाजिक तथ्य' की अवधारणा से संबंधित है ?

(1) इमाइल दुर्खिम (2) कार्ल मार्क्स

(3) एम. मौस (4) मैक्स वेबर

**19.** हरबर्ट स्पेंसर के समाज का प्रतिमान अनिवार्यत: _______ था ।

(1) सर्वसम्मत (2) जैविक

(3) प्रकार्यात्मक (4) द्वन्द्वात्मक

**20.** नमूना प्राप्त करने हेतु यादृच्छिक सारणी का उपयोग ________ भी कहलाता है ।

(1) सरल यादृच्छिक नमूना चयन (2) कोटा नमूना चयन

(3) लाटरी विधि (4) टिपेट विधि

**21.** शब्द 'केअरिंगस' (CARINGS) _________ से संबंधित है ।

(1) सरोगेसी (2) दत्तक ग्रहण

(3) बच्चों की संसद/बाल पंचायत (4) हित समूह

**22.** माध्य से लिये गये विचलन के वर्गों का योग हमेशा ________ होता है ।

(1) अधिकतम (2) न्यूनतम

(3) माध्यिका से अधिक (4) शून्य

**23.** निम्नलिखित में से कौन मानव संसाधन प्रकार्य नहीं है ?

(1) अवरोध विहीन पहुँच सुनिश्चित करना । (2) कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना

(3) वित्तीय लेखा परीक्षा (4) प्रशिक्षण एवं विकास

**24.** किसने समुदाय विकास के स्थानिक विकास प्रारूप का प्रतिपादन किया ?

(1) सॉल डेविड एलिंस्की (2) गार्डन हेमिल्टन

(3) जैक रोथमैन (4) एम.जी. रॉस

**25.** निम्नलिखित में से कौन उत्तम सामाजिक योजना प्रक्रिया की विशेषता/विशेषताएं है/हैं ?

(i) भागीदारीपूर्ण

(ii) लोकतांत्रिक

(iii) समावेशी

(iv) केंद्रीयकृत

**कूट :**

(1) केवल (i), (ii) (2) केवल (i), (ii), (iii)

(3) केवल (i), (ii), (iv) (4) (i), (ii), (iii), (iv)

26. Which among the following therapies is/are associated with behaviour modification ?

(i) Impulsive therapy

(ii) Assertive therapy

(iii) Aversion therapy

(iv) Simple extinction

**Codes :**

(1) (i) and (ii) only (2) (ii) and (iii) only

(3) (i), (ii) and (iii) only (4) (i), (ii), (iii) and (iv)

27. 'Ashram Shala Yojana' is the Central Government scheme to promote education among

(1) Other backward classes (2) Scheduled castes

(3) Scheduled tribes (4) Children of inter-state migrant workers

28. Asymmetrical distribution indicates

(1) Range (2) Standard Deviation

(3) Skewness (4) Kurtosis

29. Which among the following department was created under the Ministry of Social Justice and Empowerment in May 2012 ?

(1) Department of AYUSH (2) Department of Disability Affairs

(3) Department of Youth Affairs (4) Department of Refugee Rehabilitation

30. Social Distance Scale was developed by

(1) Likert (2) Thorndike

(3) Bogardus (4) Thurston

31. The points of scatter plots are randomly distributed among the quadrants, when little ________ exists between the variables.

(1) Difference (2) Correlation

(3) Regression (4) Association

32. Who is the Vice-Chairman of NITI Aayog ?

(1) Narendra Modi (2) Bibek Debroy

(3) Arvind Panagariya (4) Nitin Gadkari

26. निम्नलिखित में से कौन सी चिकित्सा/चिकित्साएँ व्यवहार रूपांतर से संबद्ध हैं ?

(i) आवेगात्मक चिकित्सा

(ii) अभिकथनात्मक चिकित्सा

(iii) विमुखता चिकित्सा

(iv) सामान्य विलोप

**कूट** :

(1) केवल (i) और (ii)

(2) केवल (ii) और (iii)

(3) (i), (ii) और (iii)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

27. 'आश्रम शाला योजना' ________ में शिक्षा को बढ़ावा देने की केंद्र सरकार की योजना है ।

(1) अन्य पिछड़ा वर्ग

(2) अनुसूचित जाति

(3) अनुसूचित जनजाति

(4) अन्तर राज्य प्रवासी कार्मिकों के बच्चे

28. असममित्तीय वितरण _______ का संकेत करता है ।

(1) परास

(2) मानक विचलन

(3) वैषम्य

(4) वक्रतामात्रा (कुर्टोसिस)

29. निम्नलिखित में से किस विभाग का गठन मई 2012 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन किया गया ?

(1) आयुष विभाग

(2) नि:शक्तता मामले विभाग

(3) युवा मामले विभाग

(4) शरणार्थी पुनर्वास विभाग

30. सामाजिक दूरी अनुमाप ______ द्वारा विकसित की गयी ।

(1) लिकर्ट

(2) थ्रोन्डाइक

(3) बोगार्डस

(4) थर्स्टन

31. चतुर्थांशों में विकीर्ण प्लाट के बिंदुओं को यादृच्छिक रूप से तब वितरित किया जाता है जब चरों के बीच कम ______ रहता है ।

(1) अन्तर

(2) सहसंबंध

(3) पश्चगमन

(4) साहचर्य

32. नीति आयोग के उपाध्यक्ष कौन हैं ?

(1) नरेंद्र मोदी

(2) बिबेक देबराय

(3) अरविन्द पाणिगृही

(4) नीतिन गडकरी

**33.** Which one of the following is not a characteristic of collective bargaining ?

(1) It is a collective process. (2) It is a flexible process.

(3) It is not a bipartite process. (4) It is interdisciplinary system.

**34.** The acronym 'NITI' in NITI Aayog stands for

(1) National Institution for Transforming India

(2) National Institute for Transforming India

(3) National Intelligence Training Institute

(4) New India Training Institute

**35.** The term "Vicious Cycle" was proposed by

(1) Amartya Sen (2) Gunnar Myrdal

(3) Andre Gunder Frank (4) Emile Durkhiem

**36.** Who among the following is associated with Mazdoor Kisan Shakti Sangathan ?

(1) Arvind Kejriwal (2) Anna Hazare

(3) Aruna Roy (4) Arundhati Roy

**37.** Belief in the worth of the individual is related to _________.

(1) Social work values (2) Social work techniques

(3) Social work principles (4) Social work methods

**38.** Mobilizing resources is associated with __________.

(1) Advocacy Role (2) Catalyst Role

(3) Broker Role (4) Planner Role

**39.** Which among the following schemes is associated with the prevention of trafficking of women and children for commercial sex exploitation ?

(1) Ambedkar Hastshilp Vikas Yojana

(2) Swadhar Yojana

(3) Ujjawala Scheme

(4) Rastriya Swasthya Bima Yojana

**40.** Advocacy may not be essentially a part of which of the methods of social work ?

(1) Social Case Work (2) Social Action

(3) Social Group Work (4) Social Work Research

**33.** निम्नलिखित में से कौन सी सामूहिक सौदेबाजी की विशेषता नहीं हैं ?

(1) यह एक सामूहिक प्रक्रिया है । (2) यह एक लचीली प्रक्रिया है ।

(3) यह एक द्विपक्षीय प्रक्रिया नहीं है । (4) यह अन्तर्विषयात्मक व्यवस्था है ।

**34.** नीति आयोग में परिवर्णी शब्द 'नीति' का अभिप्राय है :

(1) नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफार्मिंग इन्डिया (2) नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफार्मिंग इन्डिया

(3) नेशनल इंटेलीजेन्स ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट (4) न्यू इंडिया ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट

**35.** पद 'दोषपूर्ण चक्र' (विसिअस सॉइक्ल) के प्रस्तावक हैं

(1) अमर्त्य सेन (2) गुन्नार मिरडल

(3) अन्ड्रे गुन्डर फ्रैंक (4) इमाइल दुर्खिम

**36.** निम्नलिखित में से कौन मजदूर किसान शक्ति संगठन से संबंधित है ?

(1) अरविन्द केजरीवाल (2) अन्ना हजारे

(3) अरुणा राय (4) अरुंधती राय

**37.** व्यक्ति के महत्त्व का विश्वास ________ से संबंधित है ।

(1) समाज कार्य मूल्य (2) समाज कार्य तकनीक

(3) समाज कार्य सिद्धान्त (4) समाज कार्य विधि

**38.** संसाधनों का संग्रहण ________ से संबंधित है ।

(1) पक्ष समर्थन भूमिका (2) उत्प्रेरक भूमिका

(3) दलाल भूमिका (4) योजनानिर्माता भूमिका

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सी योजना व्यावसायिक यौन शोषण हेतु महिलाओं तथा बच्चों की तस्करी के निवारण से संबंधित है ?

(1) अम्बेडकर हस्तशिल्प विकास योजना (2) स्वाधार योजना

(3) उज्ज्वला योजना (4) राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना

**40.** पक्ष समर्थन आवश्यक रूप से समाज कार्य की निम्नलिखित में से किस विधि का भाग नहीं हो सकता है ?

(1) सामाजिक वैयक्तिक सेवाकार्य (2) सामाजिक क्रिया

(3) सामाजिक समूह कार्य (4) समाज कार्य शोध

**41.** A social system is that _______.

i. has various parts

ii. is a whole

iii. has a boundary

iv. has sub-systems

**Codes :**

(1) i, ii, iii only (2) i, ii, iv only

(3) i, iii, iv only (4) i, ii, iii, iv

**42.** The concept of 'Wholeness' and 'Here and now' are related to which of the following :

(1) Functional School (2) Gestalt Theory

(3) Life Model (4) Crisis Theory

**43.** During which period, India's population marked negative growth rate ?

(1) 1901-1911 (2) 1911-1921

(3) 1921-1931 (4) 1991-2001

**44.** The name of Shramik Vidyapith is :

(1) Labour Education Camp (2) Jan Shikshan Sansthan

(3) Vanasthali Vidyapeeth (4) Labour Literacy Board

**45.** 'Something given or demanded as repayment for wrong doing' refers to __________.

(1) Rehabilitation (2) Correction

(3) Retribution (4) Reformation

**46.** According to 2011 census, the literacy rate of India is

(1) 62 percent (2) 74 percent

(3) 80 percent (4) 82 percent

**47.** The main focus of "Atal Pension Yojana" (APY) is on

(1) Retired persons from Quasi-government sector

(2) Workers of unorganised sector

(3) Workers of organised sector

(4) Ex-servicemen

**41.** कोई सामाजिक व्यवस्था वह है

(i) जिसके अनेक भाग हैं ।

(ii) जो सम्पूर्ण है ।

(iii) जिसकी कोई मर्यादा है ।

(iv) जिसकी उप-व्यवस्थाएं हैं ।

**कूट** :

(1) केवल (i), (ii), (iii) (2) केवल (i), (ii), (iv)

(3) केवल (i), (iii), (iv) (4) (i), (ii), (iii), (iv)

**42.** 'साकल्यता' और 'यहां और अभी' की अवधारणा निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

(1) प्रकार्यात्मक विचारधारा (स्कूल) (2) गेस्टाल्ट का सिद्धान्त

(3) जीवन प्रारूप (4) संकट का सिद्धान्त

**43.** किस अवधि में भारत की जनसंख्या में ऋणात्मक वृद्धिदर दर्ज की गई ?

(1) 1901 – 1911 (2) 1911 – 1921

(3) 1921 – 1931 (4) 1991 – 2001

**44.** श्रमिक विद्यापीठ का नाम है

(1) श्रमिक शिक्षा शिविर (2) जन शिक्षण संस्थान

(3) वनस्थली विद्यापीठ (4) श्रमिक साक्षरता बोर्ड

**45.** 'गलत कार्य करने के लिये पुनर्भुगतान के रूप में दिया जाने वाला अथवा माँगा गया कुछ' का संबंध है ______ से

(1) पुनर्वास (2) शोधन

(3) प्रतिफल (4) सुधार

**46.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की साक्षरता दर ________ है ।

(1) 62 प्रतिशत (2) 74 प्रतिशत

(3) 80 प्रतिशत (4) 82 प्रतिशत

**47.** 'अटल पेंशन योजना' (ए.पी.वाई.) मुख्य रूप से _______ पर बल देता है ।

(1) अर्द्धशासकीय क्षेत्र से सेवा निवृत्त व्यक्तियों (2) असंगठित क्षेत्र के कार्मिकों

(3) संगठित क्षेत्र के कार्मिकों (4) भूतपूर्व सैनिकों

**48.** The name of the 2012 Delhi Rape Victim was coined by the media as "Nirbhaya". Which principle of social case work does it relate to ?

(1) Non-Judgmental Attitude

(2) Individualization

(3) Acceptance

(4) Confidentiality

**49.** What is/are the purpose(s) of agencies involved in the field of corrections ?

(i) Reformation

(ii) Training

(iii) Education

(iv) Retribution

**Codes :**

(1) (i), (ii), (iii) only (2) (i), (ii), (iv) only

(3) (i), (ii), (iii) and (iv) (4) (i), (ii) only

**50.** Sansad Adarsh Gram Yojana is implemented by

(1) Members of Parliament

(2) Members of Legislative Assembly

(3) Department of Adult Education

(4) Village Panchayat

**51.** The PC PNDT Act primarily addresses to :

(1) Legal Abortion

(2) Sex selective abortion

(3) Abortion care to unwed mothers

(4) Abortion care to rape victims

**52.** According to the Mahatama Gandhi National Rural Employment Guarantee Act, the percentage of women beneficiaries shall be

(1) 50 percent (2) 75 percent

(3) 33 percent (4) 100 percent

**48.** वर्ष 2012 की दिल्ली बलात्कार कांड की पीड़िता का नाम मीडिया ने 'निर्भया' रखा । यह सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य के किस सिद्धान्त से संबंधित है ?

(1) अनिर्णयात्मक मनोवृत्ति

(2) व्यष्टिकरण

(3) स्वीकृति

(4) गोपनीयता

**49.** शोधन के क्षेत्र में शामिल एजेंसियों का/के प्रस्ताव क्या है/हैं ?

(i) सुधार

(ii) प्रशिक्षण

(iii) शिक्षा

(iv) प्रतिफल

**कूट :**

(1) केवल (i), (ii), (iii)

(2) केवल (i), (ii), (iv)

(3) (i), (ii), (iii) और (iv)

(4) केवल (i), (ii)

**50.** सांसद आदर्श ग्राम योजना को ________ द्वारा कार्यान्वित किया जाता है ।

(1) संसद सदस्य

(2) विधान सभा सदस्य

(3) वयस्क शिक्षा विभाग

(4) ग्राम पंचायत

**51.** गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध (पी सी पी एन डी टी) अधिनियम _______ की समस्या पर ध्यान देता है ।

(1) विधिक गर्भपात

(2) लिंग चयनित गर्भपात

(3) अविवाहित माताओं के गर्भपात संबंधी देखभाल

(4) बलात्कार की पीड़िताओं के गर्भपात संबंधी देखभाल

**52.** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अनुसार, महिला लाभार्थियों का प्रतिशत _________ होगा ।

(1) 50 प्रतिशत

(2) 75 प्रतिशत

(3) 33 प्रतिशत

(4) 100 प्रतिशत

53. Fear of elimination is a symptom of

(1) Paranoia

(2) Schizophrenia

(3) Hysteria

(4) Manic depression

54. Which of the sections of Indian Penal Code deals with cruelty to women by husband or relatives of husband ?

(1) Section 198 A

(2) Section 298 A

(3) Section 398 A

(4) Section 498 A

55. The periodical survey for estimating poverty line in India is conducted by :

(1) National Sample Survey Organization

(2) Indian Statistical Institute

(3) Operational Research Bureau

(4) NITI Aayog

56. Who introduced the concept 'life space' to explain the nature of relationship between person and environment ?

(1) Allport Gordon

(2) Kurl Lewin

(3) Michel Gordon

(4) Hamilton

57. The author of the book, 'From charity to social work in England and United States' is

(1) Kathleen Woodroofe

(2) Mary Wollestonecraft

(3) Mary Richmond

(4) Elizabeth Agnew

**53.** विलोपन का डर लक्षण है :

(1) व्यामोह का

(2) मनोविदलता का

(3) हिस्टीरिया का

(4) उन्माद अवसाद का

**54.** भारतीय दंड संहिता की कौन-सी धारा पति द्वारा अथवा पति के रिश्तेदारों के द्वारा महिलाओं के प्रति क्रूरता से संबंधित है ?

(1) धारा 198 A

(2) धारा 298 A

(3) धारा 398 A

(4) धारा 498 A

**55.** भारत में गरीबी रेखा का आंकलन करने हेतु आवधिक सर्वेक्षण _______ के द्वारा किया गया था ।

(1) राष्ट्रीय न्यादर्श सर्वेक्षण संगठन

(2) राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान

(3) प्रचालानात्मक शोध ब्यूरो

(4) नीति आयोग

**56.** व्यक्ति तथा वातावरण के बीच संबंध के स्वरूप की व्याख्या करने हेतु 'लाइफ स्पेस' की अवधारणा किसने शुरू की ?

(1) अल्पोर्ट गोर्डन

(2) कुर्त लेविन

(3) मिशेल गार्डन

(4) हैमिल्टन

**57.** पुस्तक 'फ्रॉम चेरिटी टू सोशल वर्क इन इंग्लैंड एण्ड यूनाइटेड स्टेट्स' के लेखक हैं :

(1) कैथलीन वुड्रूफ

(2) मेरी वोलेस्टोनक्राफ्ट

(3) मेरी रिचमंड

(4) एलिजाबेथ अग्नेयु

**58.** Arrange the major milestones of social work history in chronological order starting from the earliest to the latest :

| | |
|---|---|
| (i) Elizabethan Poor Law | (ii) Charity Organization Society |
| (iii) Settlement House Movement | (iv) Medical social work |

**Codes :**

| | |
|---|---|
| (1) (i), (ii), (iii), (iv) | (2) (iv), (iii), (ii), (i) |
| (3) (ii), (i), (iii), (iv) | (4) (i), (iii), (ii), (iv) |

**59.** **Assertion (A) :** A well drafted social policy is based on the voices of the people and connects with the grassroots.

**Reason (R) :** Social policies are framed in the areas of social concern.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are incorrect.

(2) (A) is not correct, but (R) is correct.

(3) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(4) (A) is correct, but (R) is incorrect.

**60.** **Assertion (A) :** Bal Panchayat or children's parliament modelled on the concept of Gram Panchayat is an initiative of UNICEF.

**Reason (R) :** Participation of children on the issues which affect them or affect society at large is the thrust behind formation of Bal Panchayat.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct.

(2) Both (A) and (R) are incorrect.

(3) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(4) (A) is incorrect, but (R) is correct.

**61.** **Assertion (A) :** Street vendors are an indispensable part of the society.

**Reason (R) :** Street vendors belong to the unorganized sector of the economy and do not have any government assisted social security.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are not correct.

(3) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

(4) (A) is correct but (R) is incorrect.

**58.** समाज कार्य इतिहास की प्रमुख घटनाओं को प्राचीन से आधुनिक के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) एलिजाबेथन पुअर लॉ

(ii) चेरिटी आर्गनाइजेशन सोसाइटी

(iii) सेटलमेंट हाउस मूवमेन्ट

(iv) मेडिकल सोशल वर्क

**कूट** :

(1) (i), (ii), (iii), (iv)

(2) (iv), (iii), (ii), (i)

(3) (ii), (i), (iii), (iv)

(4) (i), (iii), (ii), (iv)

**59.** **अभिकथन (A)** : एक अच्छी तरह तैयार की गयी सामाजिक नीति जनता की आवाज पर आधारित होती है तथा यह जमीनी स्तर से जुड़ी होती है ।

**तर्क (R) :** सामाजिक नीतियाँ सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में तैयार की जाती हैं ।

(1) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(2) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(4) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

**60.** **अभिकथन (A)** : बाल पंचायत अथवा बच्चों की संसद यूनीसेफ का प्रयास है तथा यह ग्राम पंचायत की अवधारणा के प्रतिमान पर तैयार किया गया है ।

**तर्क (R) :** जिन मुद्दों का बच्चों पर प्रभाव पड़ता है अथवा व्यापक रूप से जिनका समाज पर प्रभाव पड़ता है, उनमें बच्चों की भागीदारी पर बाल पंचायत के गठन द्वारा बल दिया गया है ।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(2) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(3) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

**61.** **अभिकथन (A)** : रेडी लगाने वाले (स्ट्रीट वेन्डर्स) समाज का अभिन्न अंग हैं ।

**तर्क (R) :** रेडीवाले अर्थव्यवस्था के असंगठित क्षेत्र के होते हैं और उनकी राज्य के सहयोग से कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं होती ।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(4) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

62. Match the List – I with List – II and choose the correct answer from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | International Day for the Elderly | i. | 10th December |
| b. | World AIDS Day | ii. | 16th October |
| c. | World Food Day | iii. | 1st October |
| d. | Human Rights Day | iv. | 1st December |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | i | iii | iv | ii |
| (4) | iii | iv | ii | i |

63. Match the List – I with List – II and choose the correct answer from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | National Policy for Children | i. | 1974 |
| b. | National Policy for Education | ii. | 1986 |
| c. | National Social Assistance Programme | iii. | 1995 |
| d. | National Water Policy | iv. | 1987 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | i | iii | iv | ii |
| (4) | iii | iv | ii | i |

64. Match the List – I with List – II and select the correct answers from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Social Conflict Theory | i. | George Homans |
| b. | Theory of Cultural Lag | ii. | Karl Marx |
| c. | Theory of Differential Association | iii. | E.M. Sutherland |
| d. | Social Exchange Theory | iv. | William Ogburn |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | iv | ii |
| (2) | iv | i | iii | ii |
| (3) | ii | iv | iii | i |
| (4) | i | ii | iv | iii |

**62.** सूची-I को सूची-II से साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| a. | अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस | i. | 10 दिसंबर |
| b. | विश्व एड्स दिवस | ii. | 16 अक्तूबर |
| c. | विश्व खाद्य दिवस | iii. | 1 अक्तूबर |
| d. | मानवाधिकार दिवस | iv. | 1 दिसंबर |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | i | iii | iv | ii |
| (4) | iii | iv | ii | i |

**63.** सूची-I को सूची-II से साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| a. | राष्ट्रीय बाल नीति | i. | 1974 |
| b. | राष्ट्रीय शिक्षा नीति | ii. | 1986 |
| c. | राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम | iii. | 1995 |
| d. | राष्ट्रीय जल नीति | iv. | 1987 |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | i | iii | iv | ii |
| (4) | iii | iv | ii | i |

**64.** सूची-I को सूची-II से साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| a. | सामाजिक संघर्ष का सिद्धान्त | i. | जॉर्ज होमान्स |
| b. | सांस्कृतिक विलम्बन का सिद्धांत | ii. | कार्ल मार्क्स |
| c. | विभेदक साहचर्य का सिद्धांत | iii. | इ.एम. सदरलैंड |
| d. | सामाजिक विनिमय का सिद्धान्त | iv. | विलियम ऑगबर्न |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | iv | ii |
| (2) | iv | i | iii | ii |
| (3) | ii | iv | iii | i |
| (4) | i | ii | iv | iii |

**65.** Match List – I with List – II and select correct answer from the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Role playing | i. | Team building |
| b. | Buzz groups | ii. | Ego states |
| c. | Group therapy | iii. | Brain storming |
| d. | Transactional analysis | iv. | Leaderless groups |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | iii | i | iv | ii |

**66.** Match the List – I with List – II and select correct answer with the help of codes :

| | **List – I (Combination of Emotions)** | | **List – II (Outcome)** |
|---|---|---|---|
| a. | Surprise + Sadness | i. | Awe |
| b. | Anticipation + Joy | ii. | Aggressiveness |
| c. | Fear + Surprise | iii. | Disappointment |
| d. | Anger + Anticipation | iv. | Optimism |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iii | iv | i |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | iii | iv | i | ii |
| (4) | ii | iii | i | iv |

**67.** **Assertion (A) :** Even after 75 years since inception social work continues to struggle for its professional status in India.

**Reason (R) :** Principles of Human Rights and Social Justice are fundamental to social work profession.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct.

(2) Both (A) and (R) are not correct.

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

**65.** सूची-I को सूची-II से साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| a. | भूमिका अदा करना | i. | दल का निर्माण |
| b. | बज समूह | ii. | इगो-स्टेटस |
| c. | समूह चिकित्सा | iii. | विचारावेश |
| d. | संव्यवहारात्मक विश्लेषण | iv. | नेतृत्वविहीन समूह |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | iii | i | iv | ii |

**66.** सूची-I को सूची-II से साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची-I (संवेगों का संयोजन)** | | **सूची-II (परिणाम)** |
|---|---|---|---|
| a. | आश्चर्य + दु:ख | i. | विस्मय |
| b. | पूर्वापेक्षा + आनन्द | ii. | आक्रमकता |
| c. | भय + आश्चर्य | iii. | निराशा |
| d. | क्रोध + पूर्वापेक्षा | iv. | आशावादिता |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iii | iv | i |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | iii | iv | i | ii |
| (4) | ii | iii | i | iv |

**67.** **अभिकथन (A)** : अपने आरंभ के 75 वर्षों के बाद भी समाज कार्य भारत में अपनी व्यावसायिक स्थिति के लिये संघर्ष कर रहा है ।

**तर्क (R) :** मानवाधिकार तथा सामाजिक न्याय सामाजिक कार्य व्यवसाय के लिये मूल तत्त्व हैं ।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(2) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(3) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

**68.** **Assertion (A)** : Empowerment leads to development and self sufficiency.

**Reason (R)** : Many people in India are not empowered.

**Codes :**

(1) (A) and (R) are correct.

(2) (A) is correct and (R) is incorrect.

(3) Both (A) and (R) are incorrect.

(4) (A) is incorrect, but (R) is correct.

**69.** Arrange the following enactments related to environmental protection in chronological order from the codes given :

(a) The Water (Prevention and Control of Pollution) Act.

(b) The Air (Prevention and Control of Pollution) Act.

(c) The Wildlife (Protection) Act.

(d) The Forest (Conservation) Act.

**Codes :**

(1) (c), (a), (d), (b)

(2) (a), (b), (c), (d)

(3) (b), (c), (a), (d)

(4) (d), (c), (b), (a)

**70.** Arrange the following Central Government Schemes in chronological order with regard to their year of launch :

(a) National Social Assistance Scheme

(b) Deendayal Disabled Rehabilitation Scheme

(c) Pradhan Mantri Ujjwala Yojana

(d) Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana

**Codes :**

(1) (c), (a), (b), (d)

(2) (b), (d), (c), (a)

(3) (a), (b), (d), (c)

(4) (a), (c), (b), (d)

68. **अभिकथन (A)** : सशक्तिकरण से विकास और आत्मनिर्भरता आती है ।

**तर्क (R) :** भारत में अनेक व्यक्ति सशक्त नहीं हैं ।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(2) (A) सही है और (R) गलत है ।

(3) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(4) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

69. पर्यावरण सुरक्षा संबंधी निम्नलिखित अधिनियमों को उनके सही कालक्रमानुसार दिये गये कूट से व्यवस्थित कीजिये :

(a) जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम

(b) वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम

(c) वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम

(d) वन (संरक्षण) अधिनियम

**कूट** :

(1) (c), (a), (d), (b)

(2) (a), (b), (c), (d)

(3) (b), (c), (a), (d)

(4) (d), (c), (b), (a)

70. केंद्र सरकार की निम्नलिखित योजनाओं को उनके शुरू किये जाने के वर्ष के कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये :

(a) राष्ट्रीय सामाजिक सहायता योजना

(b) दीन दयाल विकलांग पुनर्वास योजना

(c) प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना

(d) प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना

**कूट** :

(1) (c), (a), (b), (d)

(2) (b), (d), (c), (a)

(3) (a), (b), (d), (c)

(4) (a), (c), (b), (d)

Read the passage given below and answer the following questions (**71-75**) as per understanding of the passage :

The need for an alternative to conventional social work is more obvious today than ever before. Given its acceptance of our present social order and its emphasis on reform of the individual and limited social reform, conventional social work appears powerless to deal with the increasing social problems that have already overloaded a diminishing welfare state.

With the social discontent fomented in the 1960s, social workers were critiqued as being a part of the problem by choosing to emphasize casework as a model of practice, an approach that perpetuated the pathologizing of clients. Furthermore, social workers were viewed as helping clients to "accept and adapt to basically unjust social structures" with the profession being "nothing else but a professionally elitist activity that mystified, infantilized and disempowered clients".

Structural social work reveals the shortcoming of welfare capitalism as a social system and shows how conventional social work has failed to respond to systemic social problems. The structural model demands that social workers "abandon their social control function to involve themselves in institutional and structural change". Emphasis shifted to seeking more collaborative, dialogical relationships, rather than top-down, expert models with service users.

Structural social work is part of a critical, progressive tradition that has been concerned with the broad socio-economic and political dimensions of society, especially the effects of capitalism, and the impact of these influences in creating unequal relations amongst individuals. Its primary goals have been to reduce social inequality through the transformation of Western, Euro-Centric civilizations and the emancipation of those who have been oppressed. The lens of this theoretical approach has been focused on the interplay between the agency of individuals and structures, particularly the broad structural barriers which influence and limit the material circumstances of service users.

Structural social work theory begins from a conflict, rather than an order perspective. The theory regards society as composed of groups with conflicting interests who compete for resources, power, and the imposition of their own ideological views. In this perspective, social problems are more the result of "defective rules" which pathologize those who are marginalized and the consequence of institutional arrangements which maintain social hierarchies, rather than faulty socialization of individuals.

Structures refer to "social regularities and objective patterns external to individual action, intentions, and meanings, and not reducible to the sum of those meanings or actions", specifically both institutional arrangements and broad social relational patterns such as racism and sexism.

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िये तथा गद्यांश के अन्त में दिये गये प्रश्नों (**71-75**) का गद्यांश की विषय वस्तु को समझते हुये उत्तर दीजिये :

परम्परागत समाज कार्य के विकल्प की आवश्यकता आज पहले की अपेक्षा अधिक सुस्पष्ट है । आज की सामाजिक व्यवस्था में इसकी स्वीकार्यता तथा वैयक्तिक एवं सीमित सामाजिक सुधार पर इसके द्वारा बल दिये जाने को ध्यान में रखते हुए, परम्परागत समाज कार्य की बढ़ती हुई उन सामाजिक समस्याओं से निपटने में शक्तिहीन प्रतीत होता है जिनके भार से विलुप्त होता हुआ कल्याणकारी राज्य पहले ही बोझिल हो चुका है ।

1960 में सामाजिक असन्तोष के उत्पन्न होने के कारण सामाजिक कार्यकर्ताओं के बारे में यह राय होती थी कि व्यवहार के प्रतिमान के रूप में केस अध्ययन पर बल देकर वे समस्या का ही एक भाग होते थे, यह एक ऐसा उपागम था जिसने सेवार्थियों के रोगनिदान को सातत्व प्रदान किया । इसके अतिरिक्त सामाजिक कार्यकर्ताओं के बारे में यह राय होती थी कि वे "मूलत: अन्यायपूर्ण सामाजिक संरचनाओं को स्वीकार करने एवं उसे अंगीकृत करने" के लिये सेवार्थियों को सहायता देते हैं जिनका व्यवसाय व्यावसायिक तौर पर "उस विशिष्ट वर्ग के कार्यकलाप के अलावा कुछ नहीं है जो कि सेवार्थियों के लिये रहस्यमय, बालोचित एवं उन्हें शक्तिहीन बनाती हैं" ।

संरचनात्मक समाज कार्य एक सामाजिक व्यवस्था के रूप में कल्याणकारी पूँजीवाद की कमियों को सामने लाता है और यह दर्शाता है कि किस प्रकार परम्परागत समाजकार्य व्यवस्था संबंधी सामाजिक समस्याओं को हल करने में विफल रहा है । संरचनात्मक प्रतिमान की यह माँग है कि सामाजिक कार्यकर्ता "अपने आपको संस्थागत तथा संरचनात्मक परिवर्तन से सम्बद्ध करने हेतु अपने सामाजिक नियंत्रण प्रकार्य को त्याग दें ।" अब सेवा प्रयोक्ताओं के साथ शीर्ष से नीचे स्तर, विशेषज्ञ प्रारूपों के स्थान पर सहयोगात्मक, संवादपरक पर बल अन्तरित हो गया है ।

संरचनात्मक समाज कार्य महत्त्वपूर्ण प्रगतिशील परम्परा का एक भाग है जो कि समाज के व्यापक सामाजिक - आर्थिक तथा राजनीतिक आयामों, विशेषकर पूंजीवाद के प्रभावों तथा व्यक्तियों में असमान सम्बन्धों के निर्माण से संबंधित इन प्रभावों के प्रभाव से सरोकार रखता है । इसके मौलिक लक्ष्य पश्चिमी यूरो-केंद्रित सभ्यताओं के रूपान्तर तथा दबे-कुचले लोगों की मुक्ति के द्वारा सामाजिक असमानता को कम कर रहे हैं । इस सैद्धान्तिक उपागम के लेंस द्वारा व्यक्तियों की संस्था तथा संरचनाओं, विशेषकर व्यापक संरचनात्मक अवरोधों जो सेवा प्रयोक्ताओं की भौतिक परिस्थितियों को प्रभावित एवं नियंत्रित करते हैं, के बीच पारस्परिक प्रभाव पर बल दिया गया है ।

संरचनात्मक समाज कार्य का सिद्धान्त संघर्ष से शुरू होता है न कि व्यवस्थित परिप्रेक्ष्य से । इस सिद्धान्त में यह माना गया है कि समाज परस्पर विरोधी हितों के उन समूहों से बना है जिनके बीच संसाधनों, शक्ति तथा अपनी विचारधारा के विचारों को थोपने की प्रतिस्पर्धा रहती है । इस परिप्रेक्ष्य में, सामाजिक समस्याएं उन "त्रुटिपूर्ण नियमों" के परिणामस्वरूप अधिक हैं जो उन लोगों को विकृति की ओर ले जाती हैं जो उपेक्षित हैं और उन संस्थागत व्यवस्थाओं को प्रतिफलित करती हैं तथा व्यक्तियों के दोषपूर्ण समाजीकरण के स्थान पर सामाजिक पदसोपान को बनाये रखती हैं ।

संरचनाओं से अभिप्राय है "सामाजिक नियमितताओं, वैयक्तिक क्रिया से बाह्य वस्तुनिष्ठ प्रतिमानों, मंशाओं, अभिप्रायों तथा इन अभिप्रायों अथवा क्रियाओं के योग को लघुकृत करना" विशिष्टत: दोनों संस्थागत व्यवस्थाओं तथा व्यापक सामाजिक संबंध प्रतिमान यथा नृजातिवाद एवं लिंगवाद ।

**71.** Structural social work is a departure from the conventional social work in the sense that

(1) It demands social workers to get involved in institutional and structural change by abandoning their social control function.

(2) Emphasize on more collaborative and dialogical relationships.

(3) It denounces top-down expert models with service users.

(4) It shows how conventional social work has failed to respond to systemic problems.

**72.** The major concerns of structural social work are

(1) To focus on the interplay between agency of individuals and structures.

(2) To reduce social inequality by containing effects of capitalism.

(3) Emancipation of those who have been oppressed.

(4) Transformation of Western, Euro-centric civilizations

**73.** Structure social work views social problems as –

(1) Faulty socialization of individuals

(2) A consequence of individual arrangements

(3) A result of defective rules

(4) A manifestation of maintenance of social hierarchies

**74.** Structural social work theory conceptualizes structures as –

(1) Institutional arrangements and social relational patterns

(2) Individual action, intentions and meaning

(3) A sum of meanings or actions of an individual

(4) Social regularities and objective patterns in terms of institutional arrangements and relational patterns.

**75.** Why do we need an alternative to the conventional social work ?

(1) Conventional social work is powerless

(2) As social problems have increased with the diminishing welfare state

(3) As its emphasis is more on reform of the individual than present social order.

(4) Acceptance to present social order.

**71.** संरचनात्मक समाजकार्य परम्परागत समाजकार्य से इस अर्थ में अलग है कि

(1) यह समाज कार्यकर्ताओं से अपेक्षा रखता है कि वे अपने आपको संस्थागत तथा संरचनात्मक परिवर्तन से सम्बद्ध करने हेतु अपने सामाजिक नियंत्रण प्रकार्य को त्याग दें ।

(2) यह अधिक सहयोगात्मक एवं सम्वादपरक संबंधों पर बल देता है ।

(3) सेवा प्रयोक्ताओं के साथ शीर्ष से नीचे स्तर विशेषज्ञ प्रारूपों की निन्दा करता है ।

(4) यह दर्शाता है कि किस प्रकार परंपरागत समाज कार्य व्यवस्था संबंधी सामाजिक समस्याओं को हल करने में विफल रहा है ।

**72.** संरचनात्मक समाज कार्य का मुख्य सरोकार है

(1) व्यक्तियों की संस्था तथा संरचनाओं के बीच पारस्परिक प्रभाव पर बल देना ।

(2) पूँजीवाद के प्रभावों को नियंत्रित कर सामाजिक असमानता को कम करना ।

(3) दबे-कुचले लोगों को मुक्ति प्रदान करना ।

(4) पश्चिमी, यूरो-केंद्रिक सभ्यताओं का रूपांतर

**73.** संरचनात्मक समाज कार्य सामाजिक समस्याओं के रूप में देखता है :

(1) व्यक्तियों के दोषपूर्ण समाजीकरण को

(2) वैयक्तिक व्यवस्था के एक परिणाम को

(3) त्रुटिपूर्ण नियमों के एक परिणाम को

(4) सामाजिक पदसोपान की एक अभिव्यक्ति को

**74.** संरचनात्मक समाज कार्य सिद्धान्त संरचना को अवधारणीकृत करता है

(1) संस्थागत व्यवस्था तथा सामाजिक संबंध प्रतिमान के रूप में

(2) वैयक्तिक कार्य, मंशा और अभिप्राय के रूप में

(3) किसी व्यक्ति के अभिप्रायों अथवा कार्यों के योग के रूप में

(4) संस्थागत व्यवस्था तथा संबंध प्रतिमान के पदों में सामाजिक नियमितता तथा वस्तुनिष्ठ प्रतिमान के रूप में

**75.** हमें परम्परागत समाज कार्य के विकल्प की आवश्यकता क्यों पड़ती है ?

(1) परम्परागत समाज कार्य शक्तिविहीन है ।

(2) क्योंकि विलुप्त हो रहे कल्याणकारी राज्य के साथ सामाजिक समस्याएँ बढ़ी हैं ।

(3) क्योंकि इसके द्वारा व्यक्ति पर अधिक बल दिया गया है न कि वर्तमान समाज व्यवस्था पर ।

(4) इसे सामाजिक व्यवस्था की स्वीकार्यता प्राप्त है ।

**Space For Rough Work**